**SET – 3**

**Series : SSO/C**

**कोड नं.**
**Code No.** **66/3**

**रोल नं.**
**Roll No.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **25** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **8** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **25** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# व्यावसायिक अध्ययन

# BUSINESS STUDIES

*निर्धारित समय : 3 घण्टे]* *[अधिकतम अंक : 80*
*Time allowed : **3** hours ]* *[ Maximum Marks : **80***

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* ***1*** *अंक वाले प्रश्नों के उत्तर **एक शब्द** से **एक वाक्य** तक हों ।*

*(ii)* ***3*** *अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर **50-75** शब्दों के हों ।*

*(iii)* ***4 – 5*** *अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर लगभग **150** शब्दों के हों ।*

*(iv)* ***6*** *अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर लगभग **200** शब्दों के हों ।*

*(v)* *एक प्रश्न के सभी भाग साथ-साथ ही हल कीजिए ।*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**General Instructions :**

*(i)* *Answers to questions carrying **1** mark may be from **one word** to **one sentence**.*

*(ii)* *Answers to questions carrying **3** marks may be from **50-75** words.*

*(iii)* *Answers to questions carrying **4-5** marks may be about **150** words.*

*(iv)* *Answers to questions carrying **6** marks may be about **200** words.*

*(v)* *Attempt all parts of a question together.*

1. विद्यालय के क्रीड़ा दिवस को सफल बनाने के लिए विद्यालय के हैडमास्टर ने सभी गतिविधियों को कार्य समूहों में बाँट दिया । प्रत्येक समूह को एक विशिष्ट क्षेत्र जैसे खेल कराना, पदकों का प्रबंध करना, जलपान इत्यादि की देखरेख करनी थी । प्रत्येक समूह को एक वरिष्ठ अध्यापक के पर्यवेक्षण में रखा गया । शारीरिक-शिक्षा अध्यापक को खेलकूद कराने की, गृह विज्ञान अध्यापक को जलपान की तथा गणित अध्यापक को पदकों का प्रबंधन करने की जिम्मेदारी दी गई । ऐसा करने में हैडमास्टर द्वारा प्रबंध के जिस कार्य का निष्पादन किया गया उसकी पहचान कीजिए । **1**

   To make the sports day of the school successful the Headmaster of the school divided all the activities into task groups each dealing with a specific area like holding of events, arrangement of medals, refreshments etc. Each group was placed under the overall supervision of a senior teacher. The physical education teacher was made responsible for holding different events, the home science teacher for refreshments and the Maths teacher for medals.

   Identify the function of management performed by the Headmaster in doing so.

2. लाभांश निर्णय के अतिरिक्त वित्तीय निर्णय दो और विस्तृत निर्णयों से सम्बन्धित है । इन निर्णयों के नाम बताइए । **1**

   Besides the dividend decision the finance function is concerned with two other broad decisions. Name these decisions.

3. एक स्टील उत्पादन कम्पनी थर्मल पावर प्लांट लगाकर विविधीकरण करना चाहती है । कम्पनी की स्थायी पूँजी आवश्यकताओं पर विविधीकरण के प्रभाव का कारण सहित उल्लेख कीजिए । **1**

   A Steel manufacturing company is diversifying and starting a thermal power plant. State with reason the effect of diversification on the fixed capital requirements of the company.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

4. एक उपभोक्ता उत्पादों की निर्माता कम्पनी बहुत सारे उपभोक्ता उत्पाद बेचती है जैसे शृंगार प्रसाधन, डिटरजेंट पाउडर, खाद्य उत्पाद आदि । यहाँ पर संदर्भित विपणन मिश्र के तत्त्व की पहचान कीजिए । **1**

A consumer products manufacturing company is offering a number of consumer products like toiletries, detergent powder, food products etc. Identify the element of marketing mix referred here.

5. दीवाली के अवसर पर कल्पना ने कोयल स्वीट्स से दो किलो मिठाई खरीदी । मिठाइयों को खाने पर उसके दो बच्चे तथा पति बीमार पड़ गये तथा उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा । कल्पना उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज करना चाहती थी परन्तु कोयल स्वीट्स से मिठाई खरीदने का कोई सबूत न होने के कारण वह ऐसा नहीं कर सकी । उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज करने के लिए कल्पना को क्या सबूत प्राप्त करना चाहिये था ? **1**

On the eve of Diwali Kalpana purchased two kilograms of sweets from Koyal sweets. On consumption of sweets her two children and husband fell sick and were to be hospitalized. Kalpana wanted to file a case in the consumer forum but could not do so because she did not have any proof of buying sweets from Koyal sweets. What proof could Kalpana had obtained for filing the claim in the consumer court ?

6. प्रबंध को एक अदृश्य शक्ति क्यों कहा जाता है ? उल्लेख कीजिए । **1**

Why is management called an intangible force ? State.

7. किस स्तर के प्रबंधक समन्वय के लिए जिम्मेदार होते है ? उल्लेख कीजिए । **1**

Which level Managers are responsible for coordination ? State.

8. 'नियोजन' को परिभाषित कीजिए । **1**

Define 'Planning'.

9. अनौपचारिक संगठन के किन्हीं तीन लाभों का उल्लेख कीजिए । **3**

State any three advantages of informal organisation.

10. भारत में प्रतिभूति बाज़ार की उभरती प्रकृति को ध्यान में रखते हुए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड को विनियमन तथा प्रतिभूति बाज़ार का विकास – दोनों कार्य सौंपे गये थे । इनमें से भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के विकासपूर्ण कार्यों का उल्लेख कीजिए । **3**

Keeping in mind the emerging nature of the securities market in India, Securities and Exchange Board of India (SEBI) was entrusted with the twin task of regulation and development of securities market. Out of this, state the developmental functions of Securities and Exchange Board of India (SEBI).



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

11. सुलतान पिछले आठ वर्षों से 'होमली प्रोडक्ट्स लिमिटेड' में एक संभागीय प्रबंधक था । विपणन प्रबंधक के सेवानिवृत्त होने पर सुलतान ने इस पद के लिए आवेदन किया क्योंकि वह बहुत महत्त्वाकांक्षी था तथा उसने अपनी सारी शक्ति विपणन प्रबंधक का पद प्राप्त करने में लगा दी थी । लेकिन उच्च प्रबंधन ने कम्पनी के बाहर से एक बेहतर व्यक्ति द्वारा इस पद को भरने का निर्णय लिया । इसके कारण सुलतान का दिल टूट गया तथा उसका निष्पादन घट गया । **3**

जब नये विपणन प्रबंधक ने पदभार गृहण किया तो उसकी एक मुख्य समस्या थी कि सुलतान को उसके पूर्व निष्पादन स्तर पर लाने के लिए कैसे अभिप्रेरित किया जाए ।

नये विपणन प्रबंधक को कोई तीन अवित्तीय अभिप्रेरक सुझाइए जिनके उपयोग से सुलतान को अभिप्रेरित किया जा सकता है ।

Sultan was a regional Manager in 'Homely Products Ltd.' for the last eight years. On the retirement of the Marketing Manager, Sultan applied for the same post because he was extremely ambitious and had dedicated all his energies to obtain the post of Marketing Manager. However, the top management decided to fill the position by selecting a better person from outside the company. Because of this Sultan was heart-broken and his performance declined.

When the new Marketing Manager joined, one of his major problems was how to motivate and inspire Sultan to his former level of performance.

Suggest any three non-financial benefits that the new marketing manager may use to motivate Sultan.

12. पैकेजिंग के तीन विभिन्न स्तर हो सकते हैं । उनमें से किन्हीं दो को समझाइए । **3**

There can be three different levels of packaging. Explain any two of them.

13. उस प्रक्रिया का नाम बताइए तथा उसे परिभाषित कीजिए जो किसी कार्य के लिए बहुत से भावी प्रत्याशियों में से सबसे उत्तम के चुनाव में सहायता करती है । **3**

Name and define the process that helps in choosing the best person out of a number of prospective candidates for a job.



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

14. यह एक प्रबंधक को उसके कार्यक्षेत्र की वृद्धि करने में सहायता करता है क्योंकि इसके बिना उसके क्रियाकलाप केवल स्वयं के द्वारा किये जा सकने वाले कार्यों तक ही सीमित रह जाएँगे ।

उपरोक्त कथन में दी गई गतिविधि की पहचान कीजिए तथा इसके तत्त्वों का उल्लेख कीजिए । **4**

It helps a manager to extend his area of operations as without it, his activities would be restricted to only what he himself can do.

Identify the activity referred to, in the above statement and state its elements.

15. व्यावसायिक पर्यावरण की समझ प्रबंध को निम्न में किस प्रकार सहायता करती है ? **4**

(क) खतरे की पहचान तथा समय से पहले चेतावनी में

(ख) निष्पादन में सुधार में ।

How does the understanding of business environment help the management in the following ?

(a) Identification of threats and early warning signals

(b) Improving performance.

16. एक कम्पनी स्वचालित कारों में उपयोग किये जाने वाले संवेदनशील स्विच गियरों का उत्पादन करती है । इसके लिए कम्पनी उच्च प्रौद्योगिकीय मशीनों का उपयोग करती है । अधिकतर समय फैक्ट्री के कामगार बेकार बैठे रहते हैं क्योंकि उनमें इन उच्च प्रौद्योगिकीय मशीनों के उपयोग सम्बन्धी ज्ञान की कमी है । इन्जीनियरों द्वारा बार-बार दौरा करने तथा फोरमेनों द्वारा सतत् पर्यवेक्षण के कारण उपरिव्यय अधिक हो जाते हैं । ऐसे किसी उपाय को समझाइए जिसके द्वारा इस समस्या का निदान किया जा सकता है । यह भी उल्लेख कीजिए कि यह कर्मचारियों की किस प्रकार सहायता करेगा । **4**

A company manufacture very sophisticated switch gears used in automatic cars. For this the company uses hi-tech machines. Most of the times the workers of the factory remain idle because of lack of knowledge regarding the use of these hi-tech machines. The frequent visits by the engineers and constant supervision of the foreman results into high overhead charges. Explain the way by which this problem can be overcome. Also state how this help the employees.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

17. एक पर्यावरण जागरुक कम्पनी, 'जी.वी.एन. लिमिटेड' का व्यवसाय देश के सभी भागों में फैला हुआ है । कम्पनी कुछ भली-भाँति परिभाषित व्यावसायिक सिद्धान्तों का पालन करती है, जिसके फलस्वरूप श्रम आवर्त दर कम हो जाती है । **4**

जी.वी.एन. लिमिटेड द्वारा पालन किये जाने वाले कुछ पर्यावरण सम्बन्धी कारक निम्नलिखित है :

(1) देश के तथा जिन राज्यों में कम्पनी परिचालन करती है उनके कानूनों का पालन कीजिए ।

(2) सभी राज्यों की संस्कृति तथा रीति-रिवाजों का आदर कीजिए ।

(3) पूरे देश में जीवन की गुणवत्ता को सुधारने के लिए स्वच्छ तथा सुरक्षित उत्पाद उपलब्ध कराइये ।

(4) कम्पनी में एक ऐसी संस्कृति का विकास कीजिए जो प्रबंध एवं श्रम के मध्य पारस्परिक विश्वास एवं सम्मान की रक्षा करते हुए व्यक्तिगत सृजनात्मकता तथा टीम-भावना में वृद्धि कर सके ।

उपरोक्त से (i) प्रबंध के किसी एक सामान्य सिद्धान्त तथा किसी एक पर्यावरण सम्बन्धी आयाम की पहचान करते हुए उसका उल्लेख कीजिए । (ii) ऐसे किन्हीं दो मूल्यों की भी पहचान कीजिए जिन्हें उपरोक्त दिशा-निर्देश सिद्धान्त तथा पर्यावरण सम्बन्धी कारक समाज को संप्रेषित करते हैं ।

An environmental conscious company 'GVN Ltd.' has its business in all parts of the country. The company follows certain well – defined business principles that result to minimize the employee turnover.

Following are some of the environmental factors followed by GVN Ltd. :

(1) Honour the law of the country as well as that of the states in which it operates.

(2) Respect the culture and customs of all states.

(3) Provide clean and safe products to enhance the quality of life throughout the country.

(4) Develop a culture in the company that enhances individual creativity and team work while honouring mutual trust and respect between management and labour.

From the above (i) Identify and state any one general principle of management and any one dimension of business environment. (ii) Also identify any two values which the above guiding principles and environmental factors are conveying to the society.

18. वित्तीय नियोजन से क्या अभिप्राय है ? इसके महत्त्व के किन्हीं तीन बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए । **4**

What is meant by financial planning ? State any three points of its importance.

19. आपकी कम्पनी ने नारियल केश तेल की 100 मिली लीटर वाली बोतल की 10,000 बोतलें प्रतिदिन बनाने की क्षमता रखने वाले कारखाने की स्थापना केरल के एक तटीय क्षेत्र में की । कम्पनी केश तेल का विपणन 'काले केश' के ब्राण्ड नाम से करना चाहती है । केश तेल बोतल के लिए एक लेबल का डिज़ाइन तैयार कीजिए । **4**

Your company has setup a coconut hair-oil factory in Coastal Kerala, with a production capacity of 10,000 bottles of 100 milli-litre per day. The company plans to market the hair-oil with the brand name 'Kale Kesh'. Design a label for the hair oil bottles.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

20. एक कम्पनी ₹ 400 करोड़ की अधिकृत अंश पूँजी के साथ कम्पनी अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत है । इसका पंजीकृत कार्यालय मुम्बई में तथा इसकी उत्पादन इकाई कर्नाटक के एक पिछड़े जिलें में स्थिति है । इसका विपणन विभाग हैदाराबाद में स्थित है । कम्पनी उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन करती है ।

(i) एक चित्र की सहायता से कम्पनी के लिए एक उपयुक्त संगठन ढाँचे का सुझाव दीजिए ।

(ii) इस संगठन ढाँचे की किन्हीं तीन सीमाओं का उल्लेख कीजिए । 5

A company has been registered under the Companies Act with an authorized share capital of ₹ 400 crores. Its registered office is situated in Mumbai and manufacturing unit in a backward district of Karnataka. Its marketing department is situated in Hyderabad. The company is manufacturing consumer goods.

(i) With the help of a diagram suggest a suitable organization structure for the company.

(ii) State any three limitations of this organization structure.

21. सम्प्रेषण की संगठनिक बाधाओं को समझाइए । 5

Explain the organizational barriers to communication.

22. 'जॉनी इण्डिया लिमिटेड' बड़े आकार के वक्रिय टेलिविज़न की निर्माता है । कम्पनी ने जर्मनी के एक अत्याधुनिक प्रशिक्षण केन्द्र पर अपने इंजीनियर्स को प्रशिक्षण दिया है । यह अपने टेलिविजन सेट पूरे देश में बेचती है । अपने उत्पादों की गुणवत्ता के कारण कम्पनी का बाज़ार के काफी बड़े भाग पर नियन्त्रण था तथा इसके ग्राहक निष्ठावान व अनुगामी थे । पिछले वित्तीय वर्ष से बाज़ार में प्रतिस्पर्धा के कारण कम्पनी अपने लक्ष्य प्राप्त नहीं कर पा रही थी । कम्पनी की योजना अपनी नियन्त्रण प्रणाली का जीर्णोद्धार करने की है । 5

(i) उपरोक्त अनुच्छेद में सन्निहित प्रबन्ध की अवधारणाओं को पहचानिए ।

(ii) जीर्णोद्धार के लिए नियन्त्रण प्रक्रिया के उन चरणों का उल्लेख कीजिए जिनके द्वारा कम्पनी अपनी इस समस्या को सुलझाना चाहती है ।

(iii) ऐसे किसी एक मूल्य का उल्लेख भी कीजिए जिसे कम्पनी समाज को सम्प्रेषित करना चाहती है ।

'Jony India Ltd.' is the manufacturer of large sized curved televisions. The company imparted training to its engineers at an advanced training centre at Germany. It sells its television sets throughout the country. The company had a substantial market share and had a loyal customer following because of the quality products. From the last financial year the company had been unable to achieve its targets because of competition in the market. The company is planning to revamp its controlling system.

(i) Identify the concepts of management involved in the above para.

(ii) State the steps of the revamped controlling process to be followed by the company to solve this problem.

(iii) Also state any one value which the company wants to communicate to the society.



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

23. कमल, खान तथा डेविड एक फर्म में साझेदार हैं जो मध्य प्रदेश में डेयरी उत्पादों के वितरण का कार्य करती है । कमल केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से व्यावसायिक अध्ययन के एक वैकल्पिक विषय के साथ उच्चतम माध्यमिक विद्यालय प्रमाण-पत्र का धारक है । खान ने हिन्दी साहित्य में तथा डेविड ने डेयरी कृषि में स्नातकोत्तर किया हुआ है । एक दिन खान तथा डेविड में 'प्रबंध एक विज्ञान है' को लेकर गंभीर चर्चा हुई । खान का तर्क था कि प्रबंध एक विज्ञान नहीं है जबकि डेविड का मत था कि प्रबंध एक विज्ञान है । कमल ने हस्तक्षेप किया तथा अपने व्यावसायिक अध्ययन के ज्ञान के आधार पर खान तथा डेविड को विज्ञान के रूप में प्रबंध कि प्रकृति के सम्बन्ध में समझाया । समझाइए की कमल ने खान तथा डेविड को किस प्रकार संतुष्ट किया । **6**

Kamal, Khan and Devid are partners in a firm engaged in the distribution of dairy products in Madhya Pradesh. Kamal is a holder of Senior Secondary School Certificate from Central Board of Secondary Education with Business Studies as one of his elective subjects. Khan had done his post-graduation in Hindi literature and Devid in Dairy Farming. One day there was a serious discussion between Khan and Devid regarding the nature of 'Management as a Science.' Khan argued that Management was not a science whereas Devid was of the opinion that Management was a science. Kamal intervened and corrected both Khan and Devid about the nature of Management as a Science with the help of his knowledge of Business Studies. Explain, how Kamal would have been able to satisfy both Khan and Devid.

24. उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत तीन-स्तरीय मशीनरी को समझाइए । **6**

Explain the three tier machinery under The Consumer Protection Act for redressal of consumers grievances.

25. मुद्रा बाज़ार तथा पूँजी बाज़ार में निम्न के आधार पर अन्तर कीजिए : **6**

(क) प्रतिभागी

(ख) प्रलेख

(ग) अवधि तथा

(घ) सुरक्षा

Distinguish between Money market and Capital market on the basis of :

(a) Participants

(b) Instruments

(c) Duration and

(d) Safety



collegedunia.com India's largest Student Review Platform